Karnataka Board

2nd PUC

Question Paper

aglasem.com

M – 2022

Register Number :

Subject Code : 03 (NS)

HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of questions : 61] [Max. Marks : 100

सूचनाएँ : 1. *सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।*

2. *प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।*

I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में किन्हीं छह: प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (6 × 1 = 6)

1) सुजान की पत्नी का नाम क्या है?

2) घर में किसका राज होता है?

3) हम लोगों का परम धर्म क्या है?

4) माँ कहाँ विराज रही थी?

5) किसका व्यापारीकरण हो रहा है?

6) कालेज से किसका पत्र आया?

7) 'एक कहानी यह भी' की लेखिका कौन है?

8) विश्वेश्वरय्या का जन्म कहाँ हुआ?

9) किस नदी में भयंकर बाढ आती थी?

schools.aglasem.com

aglasem.com

(3 × 3 = 9)

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

10) i) घर में सुजान भगत का अनादर कैसे हुआ?

अथवा

ii) सुजान भगत भिक्षुक को कैसे संतुष्ट करता है?

11) मनुष्य का परम धर्म क्या है? उसकी रक्षा कैसे करनी चाहिए?

12) प्रदूषण के सम्बन्ध में गंगा मैया ने क्या कहा है?

13) i) मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए।

अथवा

ii) शीला अग्रवाल का लेखिका पर क्या प्रभाव पडा?

14) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? (किन्हीं चार) (4 × 1 = 4)

15) 'दिनभर एक न एक खुचड निकालते रहते हैं'।

16) 'क्रोधी तो सदा के है। अब किसी की सुनेंगे थोडे ही'।

17) 'बाबा इतना मुझसे उठ न सकेगा'।

18) 'हमारे - आपके घरों की लडकियों को शोभा देता है यह सब?

19) 'आइ एम रिअली प्राउड़ आफ यू'।

20) 'यू हैव मिस्ड समथिंग'।

schools.aglasem.com

aglasem.com

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : (2 × 3 = 6)

21) 'भगवान की इच्छा होगी, तो फिर रुपये हो जायेंगे'।

22) 'जिधर देखो उधर कर्तव्य ही कर्तव्य देख पडता है'।

23) ''सेवाहि परमो धर्म' के स्थान पर लोग 'मेवाहि परमो धर्म' कहने लगे हैं'।

24) i) 'पिता के ठीक विपरीत थी हमारी बेपढी लिखि माँ'।

अथवा

ii) 'वे बोलते जा रहे थे और पिताजी के चेहरे का सन्तोष धीरे-धीरे गर्व में वदलता जा रहा था'।

III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (6 × 1 = 6)

25) रैदास किसकी रट लगाए हुए हैं?

26) रैदास के अनुसार कभी भी क्या निष्फल नहीं जाता?

27) अपने आप को कौन भाग्यशालिनी समझ रही हैं?

28) कौन अंतरकी बात जाननेवाले है?

29) आँखों की सुन्दरता किससे बढ़ती है?

30) बेटी को क्यों सुन्दर दिखना है?

31) कवि नरेन्द्रशर्मा क्या न बनने का संदेश देते है?

schools.aglasem.com

aglasem.com

32) वृक्ष की पगडी कैसी है?

33) हवा को क्या हो जाने से बचाना है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 3 = 6)

34) रैदास ने भगवान और भक्त के सबंध को कैसे वर्णित किया है?

35) जीवन की सार्थकता किसमें है?

36) बेटी रंगीन कपडे और गहने क्यों नहीं चाहती?

37) 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते है?

38) वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी याद में कैसे खो गये?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : (2 × 4 = 8)

39) i) रैदास श्रम करि खाइहि;
जो लौ पार बसाय।
नेक कमाई जउ करइ,
कबहुँ न निहफल जाय।।

अथवा

ii) जमुना तट देखे नँद नंदन।
मोर-मुकुट मकराकृत-कुंडल, पीत-बसन
तन चंदन।
लोचन तृप्त भए दरसन तैं, उर की तपनि बुझानी
प्रेम-मगन तब भई सुंदरी, उर गद्‌गद, मुख बानी।

schools.aglasem.com
aglasem.com

40) i) मेरा यह बचपन, तुम्हारा मातृत्व,
ये ही गहने हैं मेरे लिए, माँ;
मैं तुम्हारा गहना; तुम मेरा गहना;
फिर अन्य गहने क्यों चाहिए माँ?

अथवा

ii) युद्धं देहि कहे सब पामर
दे न दुहाई पीठ फेर कर;
या तो जीत प्रीति के बल पर
या तेरा पद चूमें तस्कर।

अथवा

iii) धूप में, बारिश में,
गर्मि में, सर्दी में,
हमेशा चौकन्ना
अपनी खाकी वर्दी में।
दूर से ही ललकारता 'कौन'?
मैं जवाब देता 'दोस्त'!

IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5 × 1 = 5)

41) मिश्रानी को किसने काम से हटा दिया?

42) 'मूलराज' के मंझले बेटे का नाम क्या है?

43) व्यक्ति किन गुणों से बडा होता है?

schools.aglasem.com

aglasem.com

44) दादाजी ने सबको क्या समझाया था?

45) भारवि की माँ का नाम क्या है?

46) कवि किस पर शासन करता है?

47) भारती ने भारवि को कहाँ देखा था?

48) 'प्रतिशोध' एकांकी के एकांकीकार का नाम लिखिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 5 = 10)

49) i) इन्दू को अपनी भाभी बेला पर क्यों क्रोध आया?

अथवा

ii) दादाजी के 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे?

अथवा

iii) बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए।

50) i) शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा?

अथवा

ii) महाकवि भारवि का चरित्र-चित्रण कीजिए।

अथवा

iii) 'अहंकार उन्नति में बाधक है'। एकांकी के आधार पर श्रीधर के इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

schools.aglasem.com
aglasem.com

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : (4 × 1 = 4)

51) i) सुजान एक पक्का कुआ बनवाया।

ii) मुझसे कल बहुत बडा भूल हुआ।

iii) उसे दिखावा नहीं रूचती है।

iv) मनुष्य के जीवन कर्तव्य से भरा पडा है।

आ) कोष्टक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : (4 × 1 = 4)

(सम्मान, घृणा, सत्य, कर्तव्य)

52) i) मनुष्य का परम धर्म ———— बोलना है।

ii) स्वार्थी लोग अपने ———— पर ध्यान नहीं देते।

iii) कुत्सित लोगों से सभी ———— करते हैं।

iv) सत्य बोलने से हमारा ———— होगा।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : (3 × 1 = 3)

53) i) वह मेरी किताब की चोरी करता है। (भूतकाल में बदलिए)

ii) सुजान के खेत में कंचन बरसता है। (भविष्यतकाल में बदलिए)

iii) हमारा जीवन सदा अनेक कार्यों में व्यस्त रहेगा। (वर्तमान काल में बदलिए)

schools.aglasem.com

aglasem.com

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : (4 × 1 = 4)

54) i) लू उतारना a) बहुत क्रोधित होना

ii) थू-थू करना b) चकित होकर देखना

iii) आग बबूला होना c) बेइज्जत करना

iv) आँखे फाडे देखना d) अहं उतारना

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : (3 × 1 = 3)

55) i) आदमी

ii) भिखारी

iii) भगवान

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : (3 × 1 = 3)

56) i) जो साथ पढ़ता है ———— ।

ii) जिसके पास बल न हो ———— ।

iii) जो किसी से डरता न हो ———— ।

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : (2 × 1 = 2)

57) i) धर्म

ii) मान

schools.aglasem.com

aglasem.com

ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : (2 × 1 = 2)

58) i) मनुष्यता

ii) महत्वपूर्ण

VI. अ) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : (1 × 5 = 5)

59) i) a) विद्यार्थी और अनुशासन।

b) समाज सेवा।

c) आनलैन क्लास का महत्व।

d) खेल के जगत में मोबाइल।

अथवा

ii) छात्रावास से अपने पिता को एक पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5 × 1 = 5)

60) जापान रेल्वे की सबसे तेज गति रेल 'शिन्कान्सेन' है। 'शिन्कान्सेन' का शाब्दिक अर्थ है 'न्यू ट्रंक लाइन'। इस 'बुलेट ट्रेन' भी कहते है। बुलेट ट्रेन 16 डिब्बों की गाडी है। हर गाडी में 1300 यात्रियों के बैठने का प्रबन्ध है। 1300 फीट लम्बी इस रेल में 40 मोटर जेनरेटर लगे होते हैं। जिस वक्त यह 170 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है, कही भी रुकने के लिए इसे कम से कम 5 किलोमीटर की गुंजाइश चाहिए, इतनी तीव्र गति है। 8600 कर्मचारियों की कार्य क्षमता का उपयोग इसके संचालन में प्रतिदिन लगता है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न :

i) जापान रेल्वे की सबसे तेज गति रेल का नाम लिखिए।

ii) बुलेट ट्रेन कितने डिब्बों की गाडी है?

iii) कितने यात्री इस ट्रेन में बैठ सकते है?

iv) इस रेल में कितने मोटर जेनरेटर लगे होते हैं?

v) इस रेल में कितने कर्मचारी प्रतिदिन काम करते हैं?

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **(किन्हीं पाँच)** **(5 × 1 = 5)**

61) i) ಗೋಪಾಲನು ಓದಿನಲ್ಲಿ ಉತ್ತಮನಾಗಿದ್ದಾನೆ.

Gopal is good in Studies.

ii) ತಾಯಿಯು ತನ್ನ ಮಕ್ಕಳನ್ನು ಸದಾ ಪ್ರೀತಿಸುತ್ತಾರೆ.

Mother always love their children.

iii) ಕಾಡು ಪ್ರಾಣಿಗಳು ಬಹಳ ಅಪಾಯಕಾರಿ.

Wild animals are very dangerous.

iv) ಭಾರತದಲ್ಲಿ ಹಲವಾರು ಭಾಷೆಗಳಿವೆ.

There are many languages in India

schools.aglasem.com
aglasem.com

v) ಭಾರತ ದೇಶವು ಕೃಷಿ ಪ್ರಧಾನ ದೇಶವಾಗಿದೆ.

India is an agricultural country.

vi) ನಾವು ಎಲ್ಲಾ ಧರ್ಮಗಳನ್ನು ಗೌರವಿಸಬೇಕು.

We should respect all religions.

vii) ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ ಜೀವನವು ಒಂದು ಸುವರ್ಣ ಯುಗ.

Student life is golden life.

viii) ಸರಳ ಬಹಳ ಪ್ರತಿಭಾನ್ವಿತೆ.

Sarala is very talented.

---

aglasem.com
schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com